नवीन उप-तहसील बार तथा टोडरा के सृजन के प्रस्ताव को मंज़ूरी

चर्चा में क्यों?

7 जून, 2022 को मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने राजसमंद ज़िले के बार (तहसील भीम) तथा सवाई माधोपुर ज़िले के टोडरा (तहसील सवाई माधोपुर) को नवीन उप-तहसील बनाने के प्रस्ताव को स्वीकृति दे दी।

प्रमुख बिंदु

- उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री ने वर्ष 2022-23 के बजट में प्रशासनिक सुदृढ़ीकरण की दृष्टि से प्रदेश में प्रशासनिक इकाइयों के विस्तार संबंधी घोषणा की थी। मुख्यमंत्री ने नियमों में शिथिलता देते हुए यह स्वीकृति प्रदान की है।
- मुख्यमंत्री के इस निर्णय से लोगों को स्थानीय स्तर पर ही राजस्व कार्यों के निस्तारण में सुगमता होगी।
- नवीन उप-तहसील बार में 2 भू-अभिलेख निरीक्षक वृत्त, 7 पटवार मंडल तथा 36 राजस्व ग्राम तथा नवीन उप-तहसील टोडरा में 3 भू-अभिलेख निरीक्षक वृत्त, 11 पटवार मंडल और 51 राजस्व ग्राम शामिल होंगे।
- गौरतलब है कि 6 जून, 2022 को मुख्यमंत्री ने सीकर ज़िले की पाटन तथा रींगस उप-तहसील को भी तहसील में क्रमोन्नत करने के प्रस्ताव को स्वीकृति दी थी।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/approval-of-proposal-for-creation-of-new-sub-tehsil-bar-and-todra